**निरीक्षण** मुख्यमंत्री ने किया लगभग पूरी हो चुकी स्लीमनाबाद टनल का निरीक्षण, पांच जिलों का ढाई लाख हेक्टेयर सिंचाई का रकबा बढ़ेगा, 16 सौ करोड़ से अधिक की राशि से बनी 12 किलोमीटर लंबी टनल

# स्लीमनाबाद टनल कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना के लिए बनेगी अमृतधारा





**नवभारत, कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि विंध्य क्षेत्र हर प्रकार के संसाधनों से समृद्ध है, लेकिन कुछ स्थानों पर पानी की कमी की चुनौती सामने आती है। स्लीमनाबाद टनल कटनी, रीवा, सतना, मैहर और पन्ना जिलों के लिए अमृतधारा बनेगी। भगवान श्रीराम के आशीर्वाद से चित्रकूट क्षेत्र और विंध्य की वैली के इन पांच जिलों के कुल ढाई लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का रकबा बढ़ेगा। लोगों के लिए पेयजल की समस्या का समाधान होगा। कई स्थानों पर इसमें बिजली भी बनाई जाएगी। यह परियोजना राज्य में सिंचाई का रकबा बढ़ाने के संकल्प की पूर्ति में निर्णायक भूमिका निभाएगी। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के बलबूते आज यह चुनौतीपूर्ण टनल परियोजना पूरी होने की ओर बढ़ रही है। किसानों और क्षेत्र के व्यापारियों के लिए यह टनल एक वरदान की तरह है। लगभग 12 किलोमीटर लंबी यह परियोजना भविष्य में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में केस स्टडी सिद्ध होगी। भीषण भूकंप आने पर भी टनल 100 साल तक सुरक्षित रहेगी। कई स्थानों पर टनल की गहराई जमीन से नीचे 120 फीट तक भी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नर्मदा नदी तो खंभात की खाड़ी में जाकर मिलती है, लेकिन यह विज्ञान का चमत्कार ही है कि अब मां नर्मदा इस ऐतिहासिक टनल के माध्यम से गंगा बेसिन में सोन नदी के आसपास के अंचल में भी हरियाली लाएगी। एक समय ऐसा भी आया जब लगा कि टनल तैयार होना असंभव जैसा है, लेकिन जब संकल्प बड़ा होता है और पवित्र मन से कार्य किया जाए तो सफलता निश्चित रूप से मिलती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सोन कछार का 152 क्यूबिक डिस्चार्ज से सतना जिले में 1 लाख 4 हजार 970 हेक्टेयर, मैहर जिले में 54 हजार 227 हेक्टेयर, कटनी जिले में 21 हजार 823 हेक्टेयर, रीवा जिले में 3 हजार 532 हेक्टेयर और पन्ना जिले में 448 हेक्टेयर सहित कुल 1 लाख 85 हजार हेक्टेयर कमांड एरिया में सिंचाई की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही नहरों के निर्माण का कार्य तेजी से हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि टनल परियोजना में एक ओर जहां टनल के माध्यम से नर्मदा नदी बहेगी तो दूसरी ओर ऊपर से कटनी नदी प्रवाहित होगी। यह टनल परियोजना बुंदेलखंड और बघेलखंड के लिए बड़ी सौगात है, जो जनता की अपेक्षाओं की पूर्ति करेगी। इस अवसर पर नगरीय विकास आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद विष्णुदत्त शर्मा, सांसद सतना गणेश सिंह, विधायक संजय पाठक, संदीप जायसवाल, प्रणय पाण्डेय, धीरेन्द्र बहादुर सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ राजेश राजौरा, संभागायुक्त धनंजय सिंह, आयुक्त जनसंपर्क मनीष सिंह, आईजी प्रमोद वर्मा, कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा सहित जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

### विधायक की मेहनत रंग लाई

नर्मदा दाईं तट नहर में स्लीमनाबाद के समीप निर्मित देश की सबसे बड़ी वाटर टनल का पूरा होना बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को पूरा कराने में बहोरीबंद विधायक प्रणय पांडेय के पिछले आठ वर्षों के लगातार प्रयास निर्णायक साबित हुए हैं। विधायक ने परियोजना की लगातार मॉनिटरिंग करते हुए अधिकारियों और निर्माण एजेंसी के साथ नियमित संवाद बनाए रखा। कार्य में आने वाली तकनीकी और आर्थिक बाधाओं को उन्होंने सरकार के समक्ष उठाया और उनके निराकरण के लिए हर संभव प्रयास किया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से भी उन्होंने कई बार मुलाकात कर परियोजना को जल्द पूरा कराने के संबंध में सार्थक चर्चा की। आखिरकार उनके प्रयासों को सफलता मिली और नर्मदा का जल बहोरीबंद सहित तक पहुंचाने का सपना साकार हुआ।


## एक नजर में

### कैच द रेन के लिए शुरू किए गए प्रयास

**नवभारत,कटनी।** वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के कैच द रेन - व्हेयर इट फाल्स, व्हेन इट फाल्स थीम के अंतर्गत नगर परिषद कैमोर द्वारा सार्थक और योजनाबद्ध प्रयास किए गए हैं। नगर निकाय क्षेत्र में जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए चेक डैम निर्माण, शासकीय भवनों एवं सार्वजनिक शौचालयों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं की स्थापना, साथ ही हैंडपंप, कुओं एवं नलकूप के लिए रिचार्ज पिट्स विकसित किए गए हैं। नगर परिषद द्वारा हाल ही में शिवा नगर में ग्रे वॉटर ट्रीटमेंट फैसिलिटी भी स्थापित की गई है, जिसके माध्यम से उपयोग किए गए जल का उपचार कर पुनः उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है। इससे न केवल जल संसाधनों का संरक्षण हो रहा है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी सकारात्मक पहल देखने को मिल रही है। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पलक नमित ग्रोवर ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और जनभागीदारी के बिना इस लक्ष्य को प्राप्त करना संभव नहीं है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे वर्षा जल संचयन के उपाय अपनाकर इस अभियान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। उपाध्यक्ष संतोष केवट ने बताया कि कैच द रैन अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जागरूकता का सशक्त माध्यम है। उन्होंने नगरवासियों से अपने घरों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों में जल संरक्षण उपाय अपनाने का आग्रह किया, जिससे भविष्य में जल संकट से बचा जा सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष परते के मार्गदर्शन में सभी जल संरक्षण कार्यों का गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया गया। उनके सतत निरीक्षण और मॉनिटरिंग के चलते सभी संरचनाएं वर्षा ऋतु प्रारंभ होने से पूर्व पूर्ण कर ली गईं, जिससे वर्तमान वर्षा में इनका प्रभावी उपयोग हो रहा है। यह पहल भू-जल स्तर में सुधार और जल संसाधनों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## चाकू से हमला करने वाले युवकों को पुलिस ने दबोचा

**आदतन अपराधी हैं आरोपी, कोतवाली पुलिस ने की कार्रवाई**



**नवभारत, कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत सिटी मॉल के बाहर एक युवक पर चाकू से हमला करने वाले दोनों आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि 15 जुलाई की रात करीब पौने 9 बजे बरही रोड स्थित सिटी मॉल के सामने पुरानी रंजिश को लेकर चाकूबाजी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शिवनगर निवासी घायल कुलदीप टीपा, दीपक टीपा को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घायल दीपक टीपा ने बताया कि वह अपने भाई कुलदीप टीपा और मित्र मौर्य और यश चौहान के साथ सिटी मॉल-पंकज पैलेस के सामने सड़क पार कर रहा था। तभी हेमंत उर्फ टुंईया निषाद अपने साथी सागर निषाद के साथ वहां पहुंचा और पुरानी रंजिश के कारण गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर सागर निषाद ने दीपक के दोनों हाथ पकड़ लिए, जबकि हेमंत उर्फ टुंईया ने उसके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने आए कुलदीप टीपा पर हेमंत ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हअमला कर दिया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज करते हुए हेमंत निषाद उर्फ टुंईया सागर निषाद को गिरफ्तार कर लिया है। दोनो आरोपी आदतन अपराधी हैं।

## मुख्यमंत्री से मिलने जा रहे कांग्रेसियों को पुलिस ने किया नजरबंद

**शिक्षा के मुद्दों को लेकर सीएम को सौंपने जा रहे थे ज्ञापन**



**नवभारत, कटनी।** जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से कटनी के छात्र-युवाओं के भविष्य से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर ज्ञापन सौंपने जा रहे थे, लेकिन बड़वारा थाना प्रभारी एवं रंगनाथ थाना पुलिस प्रभारी की तीन गाड़ियों ने दो अलग-अलग स्थानों पर उनका रास्ता रोक लिया इसके बाद उन्हें मुख्यमंत्री स्लिमनाबाद कटनी से रवाना होने तक पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नजरबंद रखा गया। मुख्यमंत्री के जाने के बाद उन्होंने नायब तहसीलदार के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कटनी में पीपीपी मॉडल के स्थान पर पूरी तरह शासकीय मेडिकल कॉलेज की स्थापना, पीएम एक्सीलेंस शासकीय तिलक महाविद्यालय में बीसीए, बीबीए, बीएड, एलएलबी, बीएएलएलबी जैसे रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम प्रारंभ करने और शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में कटनी के माइनिंग हब होने के अनुरूप माइनिंग इंजीनियरिंग, माइन सर्वेइंग, माइन सेफ्टी और अन्य माइनिंग आधारित तकनीकी पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जाने की मांग की गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अधिवक्ता अमित शुक्ला ने कहा कि छात्रों और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों को उठाने वालों को पुलिस के माध्यम से रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि कटनी के विद्यार्थियों के शिक्षा और रोजगार के अधिकार की लड़ाई लगातार जारी रहेगी और इन जनहितकारी मांगों को हर स्तर पर मजबूती से उठाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला वरिष्ठ कांग्रेस नेता झम्मटमल थारवानी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजेश जाटव, सेवादल अध्यक्ष मंगल सिंह सहित अन्य की मौजूदगी रही।

## भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी की रथ यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**उमरियापान नगर में निकाली गई रथ यात्रा**




**नवभारत, उमरियापान।** भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी, भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा की पावन स्मृति में गुरुवार को उमरियापान नगर में भव्य रथ यात्रा श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण के बीच निकाली गई। रथ यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर भगवान के रथ को खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया तथा पूरे नगर में जय जगन्नाथ के जयघोष गूंजते रहे। रथ यात्रा का शुभारंभ ब्यौहार मोहल्ला से हुआ। इसके बाद यात्रा कटरा बाजार, झंडा चौक, संन्यासी बाबा, बड़ी माई, बावली मंदिर सहित नगर के प्रमुख मार्गों और विभिन्न देवस्थलों का भ्रमण करती हुई भगवान श्री जगदीश स्वामी मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से भगवान की महाआरती और पूजा-अर्चना के साथ रथ यात्रा का समापन हुआ। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने भगवान श्री जगन्नाथ स्वामी का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद और शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। महिलाएं, पुरुष, युवा एवं बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ रथ यात्रा में भाग लिया।

भगवान के आकर्षक सुसज्जित रथ और भजन-कीर्तन मंडलियों की मधुर प्रस्तुतियों ने नगर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया।

रथ यात्रा के सफल आयोजन में श्री जगदीश स्वामी मंदिर समिति और नगर के श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा। समिति के पदाधिकारियों ने आयोजन में सहयोग करने वाले सभी नागरिकों, प्रशासन और पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया।

## पुलिया में भरेगा पानी, समाधान की बजाय की अपील




**रेलवे अंडरब्रिजों में सावधानी बरतने की चस्पा की गई सूचना**

**नवभारत, कटनी।** रेलवे प्रशासन ने संवेदनशील अंडरब्रिजों में जलभराव रोकने के लिए कोई स्थायी तकनीकी समाधान नहीं किया है। इसके बजाय मिशन चौक, मंगलनगर और गायत्रीनगर अंडरब्रिजों पर चेतावनी बोर्ड और जलस्तर संकेतक लगाकर लोगों से सावधानी बरतने की अपील की गई है। रेलवे की ओर से लगाए गए बोर्डों पर निर्धारित जलस्तर तक पानी पहुंचने पर अंडरब्रिज में प्रवेश नहीं करने की चेतावनी दी गई है। इसे लेकर स्थानीय लोगों में नाराजगी है। उनका कहना है कि हर साल करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद जलभराव की स्थायी समस्या का समाधान नहीं हो सका। स्थानीय लोगों के अनुसार, मानसून के दौरान इन अंडरब्रिजों में पानी भरने से घंटों यातायात बाधित रहता है।

## ब्लैक स्पॉटों पर रफ्तार कम करने लगाए स्पीड ब्रेकर

**सुरक्षित आवागमन के लिए नगर निगम के प्रयास जारी**



**नवभारत, कटनी।** शहर में सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यातायात व्यवस्था विकसित करने निगमायुक्त तपस्या परिहार के निर्देश पर नगर निगम द्वारा दुर्घटना संभावित और संकरे मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से चाका, कुठला, बरगवां के संकरे पुलों, अन्य ब्लैक स्पॉट स्थलों पर क्रैश बैरियर स्थापित किए गए हैं।

वहीं कुठला, पन्ना मोड़, इंदिरा नगर पन्ना तिराहा, कृषि उपज मंडी गेट, सेंट पॉल स्कूल मार्ग, नगर निगम कार्यालय के सामने सहित अन्य प्रमुख मार्गों पर स्पीड ब्रेकर बनाए गए हैं। सिटी ट्रांसपोर्ट मैनेजर योगेश पवार ने बताया कि शहर में यातायात सुधार अभियान चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। जिसके तहत पहले चरण में बरगवां से बिलहरी मोड़, सागर पुलिया से साउथ स्टेशन मार्ग, बाबा नारायण शाह वार्ड, घंटाघर से गर्ग चौराहा, नई बस्ती मिशन चौक, मुख्य रेलवे स्टेशन मार्ग, आजाद चौक सहित प्रमुख बाजारों और विद्यालयों के आसपास रोड मार्किंग, लेन निर्धारण और जेब्रा क्रॉसिंग का कार्य पहले ही पूरा किया गया।

## प्रत्येक वार्डों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना नगर निगम का उद्देश्य



**नवभारत, कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी द्वारा शहर के सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर संतुलित एवं समग्र विकास सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में राम मनोहर लोहिया वार्ड क्रमांक-5 में लगभग 59.41 लाख रुपए की लागत से विभिन्न जनहितैषी विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न हुआ। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, क्षेत्रीय पार्षद उमेंद्र अहिरवार सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के करकमलों से भूमिपूजन कराया गया। विकास कार्यों में राममनोहर लोहिया वार्ड अंतर्गत लगभग 46.41 लाख रुपए की लागत से शिशिर गुप्ता के मकान से हनुमान मंदिर तक सीसी नाली निर्माण कार्य, रचना नगर में सीसी नाली निर्माण कार्य किया जाएगा, वहीं अहमद नगर में लगभग 13 लाख रुपए की लागत से आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य सिर्फ निर्माण कार्य कराना नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।


**माँ दुर्गा हॉस्पिटल**
आदर्श कॉलोनी, कटनी (म.प्र.)
**स्टाफ की आवश्यकता**
अस्पताल के सुचारु संचालन हेतु निम्न पदों पर योग्य एवं अनुभवी उम्मीदवारों की आवश्यकता है
1. नर्सिंग स्टाफ (GNM / B-Sc- Nursing)
2. ड्यूटी डॉक्टर (BAMS / BHMS)
3. आईसीयू स्टाफ
4. हॉस्पिटल मैनेजर
5. इंश्योरेंस एवं आयुष्मान भारत (TPA) स्टाफ
योग्यता एवं आवश्यकताएँ
- संबंधित कार्य का अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी।
- कंप्यूटर का अच्छा ज्ञान अनिवार्य है।
- इंश्योरेंस क्लेम एवं आयुष्मान भारत (TPA) का कार्य करने का
- अनुभव आवश्यक है।
संपर्क करें
माँ दुर्गा हॉस्पिटल 07622405850
बायोडाटा भेजने हेतु 88716 12345
ईमेल : mandurgahospital-hr@gmail-com
आदर्श कॉलोनी, कटनी (म.प्र.)



**नवभारत**
**आवश्यकता है**
देश के अनेक राज्यों में प्रकाशित नवभारत समाचार पत्र समूह के **कटनी जिले** के लिये निम्न पद के लिये योग्य व्यक्तियों की आवश्यकता है-
पद की योग्यता
रिपोर्टर (पुरूष)
(3 वर्ष का अनुभव पत्रकारिता में एवं बीजेसी एवं एमजेसी)
संपर्क करें
कार्यालय- नवभारत प्रेस, चौथापुल, महर्षि स्कूल के सामने, जबलपुर
(दोपहर 12 से शाम 8 बजे तक)
9752721239 hr@navabharat.com



गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और अनुशासन हमारी प्रतिबद्धता एवं पहचान है
**साईनाथ स्कूल ऑफ नर्सिंग**
Reg.No.23101
2026-27 ADMISSION OPEN
समस्त कोर्स में प्रवेश 6 अगस्त से प्रारंभ
ANM, GNM, P.B-B.Sc., M.Sc. में सीधे प्रवेश प्रारंभ हो गये है
सभी कोर्स INC से मान्यता प्राप्त है
ANM (2 वर्षीय) | GNM (3 वर्षीय) | B.Sc. नर्सिंग (4 वर्षीय) | M.Sc. नर्सिंग (2 वर्षीय) | P.B.B.Sc. नर्सिंग (2 वर्षीय) | D.El.Ed. (2 वर्षीय)
नर्सिंग करियर की ओर एक कदम
उज्जवल भविष्य और सम्मानजनक करियर | कुशल एवं अनुभवी फैक्ल्टी | आधुनिक लैब और हॉस्पिटल ट्रेनिंग | छात्रवृत्ति की सुविधा उपलब्ध
राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त SC/ST/OBC/ अल्पसंख्यक उच्च शिक्षा छात्रवृत्तियां
संपर्क करें 8962262200 9752414319 9425325616
श्री हॉस्पिटल, एम. एम. चौबे वार्ड, एन. एच. 7, बरगवां रोड, कटनी (म.प्र.)



**किड्स केयर हायर सेकेंडरी स्कूल एवं किड्स केयर पब्लिक स्कूल CBSE**
ADMISSION OPEN 2026-27
प्रवेश प्रारंभ
प्रवेश शुल्क मै 50% डिस्काउंट सिर्फ 30 जून 2026 तक
न्यूनतम 10 माह की फीस
- 10 Months Economical Fees Structure.
- Well-Experienced & Trained Faculty.
- Bus Facility Available
From Classes K.G. - I to XII
CONTACT US
Phone: 6261958324
WhatsApp: 7897244744
Instagram: kidscaregroupkatni
Address: Tilak College Road, Katni
Kids Care Public School, Katni Shahdol Road, Pondi, Katni (M.P.) MO - 7692807777



**NOBLE HEART PUBLIC HIGHER SEC. SCHOOL**
Affiliated by Govt. of MD Education Dept. Bhopal (MP)
ENGLISH MEDIUM
OUR FACILITES
- Smart Classrooms
- Experienced Faculty
- Regular Test Series
- Focus on Overall Development
- Discipline & Value Education
ADMISSION OPEN Session 2026-27
NURSERY TO CLASS XII
Quality Education Bright Future
CLASS X RESULT 2026
Shweta Pandey 98.4% | Abha Guru 97.6% | Shivi Mishra 97.00% | Kajal Kushwah 96.00% | Anshika Gupta 95.6% | Prashant Mabobia 95.2%
Bus Facility Available
NEAR KAILWARA PHATAK, NADI PAR, KATNI(MP) 7869484013, 7389678892



Excellence in Education, Success in Life
**NALANDA SCIENCE & COMMERCE COLLEGE, KATNI**
ADMISSION OPEN 2026-27
D.El.Ed. 2 YEARS COURSE 1st ROUND REGISTRATION DATE 29 MAY 2026 to 15 MAY 2026
B.Ed. 2 YEARS COURSE 1st ROUND REGISTRATION DATE 02 MAY 2026 to 30 MAY 2026
COLLEGE ADDRESS
Maharana Pratap Ward,Jhinjhari, Katni (M.P.)
CONTACT US (COLLEGE) 9752540630, 8770231637, 7879756343, 7400706115
Empowering Future Educators
BUILD YOUR CAREER IN TEACHING
CITY OFFICE KATNI
Nalanda Higher Secondary School Civil Line, Katni (M.P.)
CONTACT US- 9584436048